आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03 मार्च 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रयागराज महाकुंभ की सफलता के बाद श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की पूजा अर्चना कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की, कहा–करोड़ों देशवासियों के प्रयासों से सम्पन्न हुआ एकता का महाकुंभ।
- मुख्यमंत्री ने बैठक कर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने का दिया निर्देश, कहा प्रदेश के सभी प्रमुख मार्गों पर सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित साइनेज अवश्य लगाएं, सभी एक्सप्रेस वे के दोनों तरफ अस्पताल बनाने के भी दिये निर्देश।
- प्रदेश के हर ग्राम पंचायत में बनाई जाएगी डिजिटल लाइब्रेरी, पहले चरण में बाईस हजार सात सौ ग्राम पंचायतों में चार लाख रुपये लागत की प्रत्येक लाइब्रेरी बनाने का निर्देश।
- कल से शुरू हुआ रमजान का पवित्र महीना, बाजारों में बढ़ी रौनक।

**********

प्रदेश में तेरह जनवरी से छब्बीस फरवरी तक प्रयागराज महाकुंभ के सफल आयोजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल गुजरात में श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की पूजा अर्चना की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने एक सेवक की तरह अंतर्मन में संकल्प लिया था कि महाकुंभ के बाद द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ की पूजा अर्चना करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में एकता का महाकुंभ, करोड़ों देशवासियों के प्रयासों से सम्पन्न हुआ है। उन्होंने देशवासियों की ओर से एकता के महाकुंभ की सफल सिद्धि को श्री सोमनाथ भगवान के चरणों में समर्पित किया और देशवासियों के स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना भी की।

**********

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कल नोएडा में कहा कि महाकुंभ संपन्न हो चुका है। उन्होंने महाकुंभ आने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और इसकी सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग दर्शन को दिया।

***महाकुंभ सुव्यवस्थित सुंदर सम्पन्न हो चुका है। पूरे देश दुनिया ने महाकुंभ की सफलता का नजारा अपनी आंखों से देखा है। महाकुंभ में आये हुए सभी जिन लोगों ने वहां पर स्नान किया, वहां पहुंच करके दर्शन किया उन सभी का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। माननीय मोदी जी का बहुत–बहुत आभार, उनके मार्गदर्शन में बेहतर ढंग से हमारी सरकार ने सारे इंतजामात कर लिये।***

**********

प्रयागराज महाकुंभ के दौरान इस बार वाराणसी में भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। काशी विश्वनाथ मंदिर के अनुसार इस दौरान महा तंदुल प्रसाद की बिक्री भी रिकॉर्ड तोड़ रही। जनवरी और फरवरी माह के दौरान, विक्रय काउंटर के माध्यम से कुल एक हजार दो सौ सत्तर क्विंटल तंदुल महाप्रसाद का विक्रय हुआ। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई अन्य विशेष इंतजाम किए गए थे।

***मंडलायुक्त महोदय द्वारा एक नया नवाचार स्थापित किया गया, जिसमें एक सोपानक्रमिक व्यवस्था में सीढ़ी और प्लेटफार्म बनाये गये थे और चारो गेट पर लगाये गये जिससे हम तेजी से दर्शन करा सकें और श्रद्धालुओं का वेटिंग का जो टाइम था प्रतीक्षा हो रही थी वह घट सकी। गुड़ और पानी की व्यवस्था करना, छोटे बच्चों के लिए ओआरएस की व्यवस्था करना ग्लूकोज की व्यवस्था करना सब कुछ सम्मिलित था।***

**********

प्रयागराज महाकुंभ से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य होते ही श्रीराम लला के दर्शन की पुरानी समयावधि को आज से लागू कर दिया गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि नई व्यवस्था के अनुसार प्रातः चार बजे मंगला आरती होगी। उसके पश्चात सवा चार बजे से छह बजे तक कपाट बंद रहेंगे। छह बजे श्रृंगार आरती होगी और साढ़े छह बजे से दर्शन शुरू हो जाएगा। डॉ मिश्र के अनुसार रात दस बजे शयन आरती होगी और रात में दस बज कर पंद्रह मिनट से पट बंद हो जाएंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों के उपचार के लिए सभी एक्सप्रेस–वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***सड़क दुर्घटनाओं के वार्षिक आंकड़ों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में 46052 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इसमें 34600 लोग घायल हुए हैं, जबकि 24 हजार से अधिक मौतें हुई हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी संबंधित विभाग***

*आपसी समन्वय बनाकर सामूहिक प्रयासों के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि जनपद स्तर पर प्रत्येक माह एवं मंडल स्तर पर त्रैमासिक मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अनिवार्य रूप से की जाय। उन्होंने लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों के पाठ्यक्रम में ट्रैफिक के नियमों को जोड़ने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी प्रमुख मार्गों पर सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित साइनेज अवश्य लगाएं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

**********

प्रदेश सरकार ने राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को आधुनिक शिक्षा के संसाधन उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना का निर्णय लिया है। योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश की बाईस हजार सात सौ ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके बाद प्रदेश की हर ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। राज्य सरकार चार लाख रुपये प्रति डिजिटल लाइब्रेरी पर खर्च करेगी। लाइब्रेरी के संचालन और प्रबंधन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंपने का निर्णय लिया गया है।

**********

बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड और प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बिजनौर में एक निजी फैक्ट्री का शिलान्यास किया। नए संयंत्र में सात सौ पचास करोड़ रुपये के नए निवेश के साथ कृषि क्षेत्र में तेजी से बदलाव होने के आसार हैं। इस दौरान आकाशवाणी से बातचीत में वित्त मंत्री श्री खन्ना ने बताया कि राज्य वर्ष दो हजार उन्तीस तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

***मुख्यमंत्री जी इसके लिये बहुत डिटरमेंट हैं और बहुत ज्यादा प्रयत्नशील हैं और उन्होंने उत्तर प्रदेश को एक प्रोग्रेसिव स्टेट के रूप में डवलप किया है और मैं निश्चित समझता हूं कि दो हजार उन्तीस तक ये प्लान है कि प्रत्येक गांव की कालोनी बनायी जाये।***

**********

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि एक ही नंबर के दो मतदाता फोटो पहचान पत्र–ईपीआईसी का अर्थ यह नहीं है कि पहचान पत्र फर्जी है या मतदाता बोगस है। आयोग ने एक बयान में यह बात कही। इससे पहले मीडिया की खबरों में दो अलग–अलग राज्यों में मतदाताओं के एक ही नंबर के मतदाता फोटो पहचान पत्र का मुद्दा उठा था।

**********

रमजान का पवित्र महीना कल से शुरू हो गया । रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नौंवा महीना है और इस महीने के अंत में ईद–उल–फितर मनायी जाती है। रमजान के चलते प्रदेश भर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने पूरे प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के दिशा–निर्देश दिये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रमजान शुरू होने पर लोगों को बधाई दी है।

**********

प्रदेश के हरदोई जिले के रहने वाले अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने अफ्रीका की दूसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट केन्या पर तिरंगा फहराकर नया रिकॉर्ड बनाया है। इसके साथ ही अभिनीत इस चोटी पर भारतीय ध्वज फहराने वाले पहले भारतीय पर्वतारोही बन गए हैं। एक रिपोर्ट–

***पर्वतारोही अभिनीत मौर्य अफ्रीका महाद्वीप की दूसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट केन्या की चढाई के लिए दिल्ली से 26 फरवरी को नैरोबी के लिए रवाना हुए थे। नैरोबी पहुंचने के बाद अगले दिन माउंट केन्या नेशनल पार्क पहुंच कर चढ़ाई के लिए परमिशन ली और 27 फरवरी को माउंट केन्या की चढ़ाई प्रारम्भ की। एक मार्च की सुबह सात बजकर 20 मिनट पर उन्होंने चोटी पर भारतीय ध्वज फहराया।***

हरदोई के जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अभिनीत की उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उनके सुनहरे भविष्य की कामना की है।

**********

प्रयागराज के गंगा नदी पर बने फाफामऊ के पुल के क्षतिग्रस्त ज्वाइंटर्स को होली के बाद ठीक करायेगा। इसके लिए एक माह तक इस पुल पर आवागमन बंद रहेगा। प्रयागराज से लखनऊ, प्रतापगढ़, रायबरेली और अयोध्या समेत कई अन्य जिलों में जाने के लिए प्रतिदिन हजारों वाहन इस पुल से गुजरते हैं।

**********

महिला प्रीमियर लीग दो हजार पचीस के तीसरे चरण में दीप्ति शर्मा की अगुवाई में यूपी वारियर्स का मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में गुजरात जायंट्स की टीम से आज होगा। यूपी वॉरियर्स ने अभी तक पांच मैच खेले हैं, जिसमें टीम को दो में जीत और तीन में हार का सामना करना पड़ा है।

**********